MOONGIPA SECURITIES LTD.

July 12, 2019

The General Manager
Department of Corporate Services
BSE Limited
25th Floor, P.J Towers,
Dalal Street, Mumbai - 400 001

Scrip Code: 539199

Sub: Newspaper Advertisement Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 29(1)(a) and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith Copy of Newspaper advertisement of the Notice of Board Meeting to consider and approve the Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2019 publish in 'Mahalaxmi Bhagyoday' (Hindi) & 'Money Makers' (English) dated July 12, 2019.

Thanking you,

For **Moongipa Securities Limited**

Sajeev

Sajeev Jain
Company Secretary and Compliance Officer

(CIN : L74899DL1994PLC057941)
Regd. Office : 18/14, W.E.A. Pusa Lane, Karol Bagh, New Delhi-110005, Ph.: 011-41450121
E-mail : moongipas@gmail.com, Website : www.moongipa.net

Senior auditor stabbed in head, back in Delhi

Murderers were told it was for a 'noble' cause

MM BUREAU

New Delhi/ July 11

The 20-year-old man and his minor associate, who were hired to kill a senior auditor by the official's wife and son, had been made to believe that their victim was the woman's brother-in-law who used to sexually harass her, police said.

Investigating officers said the arrested duo have told them they did not know that their target — Anand Singh, a senior auditor posted with Director General of Audit (Central Expenditure) — was indeed the woman's husband. They said the duo contracted to kill Singh were told that they were helping the woman by killing her harasser.

On Wednesday, the police apprehended the 17-year-old minor accused. The mother-son duo and the other alleged killer, Rishab alias Shibbu, were caught on Tuesday. Singh's body was found with more than half a dozen stab wounds to his head and back in south Delhi's Om Nagar near Meethapur in Badarpur early Saturday morning.

Police said the 17-year-old boy told them that Singh's son knew him as he lived some blocks away from his house. However, the teenager did not know the boy's father because he used to always left for office early and returned home in the night.

The teenager told the police that the mother-son

duo approached him around a fortnight ago and sought help in killing a relative, who they claimed would often sexually harass her. The teenager said he was moved by their stories and agreed to kill the 'relative' when they promised him ₹1.25 lakh for the job. The teenager roped in his friend, Rishab to execute the crime.

The alleged killers claimed that they came to know of the relationship between the deceased and the mother-son duo the next day from the reporting of the incident on news channels. They claimed that they were shocked to know that the man they had murdered was the woman's husband and not brother-in-law as they were told.

An investigator associated with the case said Singh's wife, Sunita Devi, and his 16-year-old son had hatched the conspiracy to murder him because Singh was allegedly an alcoholic and used to ill-treat his wife and three children.

The teenager had developed grudge against his father because of his bad behaviour and his resentment was increasing with each passing day, the officer said.

"Devi or her son have shown no remorse for their crime since. She told us that her husband used to fight whenever she protested against his drinking habit. Singh's son told us that his father never gave him pocket money and he used to abuse and scold him whenever he asked for money. Also, neither he, nor his two siblings, ever got a gift from their father, or he ever took them for an outing," said the officer.

"Singh is not alive to defend the allegations. He was an alcoholic but people in his neighbourhood and office remember him as a disciplined and soft-spoken person. We don't know whether the allegations his family members have made are true. But, no other motive surfaced during our probe," the officer added.

On July 5 night, DCP (southeast) Chinmoy Biswal had said that Devi and her son called the duo to their house and asked them to hide on the terrace. Singh returned around 11.30 pm and was drunk. He slept without having dinner. Around 2.30 am, the mother-son called the duo.

"The two stabbed Singh as Devi and her son stood outside to keep a watch on other family members. The killers fled and Devi left the door open to pass it off as a murder," he said.

At meeting over power rates

Political slugfest ensues between AAP and BJP

MM BUREAU

New Delhi/ July 11

A public hearing on power tariff revision in city organised by the Delhi Electricity Regulatory Commission (DERC) turned into a political slugfest between the Aam Aadmi Party (AAP) and the Bharatiya Janata Party (BJP) on Wednesday.

Residents' Welfare Associations (RWAs) complained of not getting enough time to discuss their issues.

The hearing, chaired by DERC chief SS Chauhan, began at around 10.30am. Almost immediately, political parties began sloganeering and slinging allegations over tariffs in the city.

AAP MLAs Nitin Tyagi, Rituraj Jha and Sarita Singh were allowed to place their comments in the forum on first come-first serve basis, which was objected by BJP MLAs Vijender Gupta, OP Sharma and Jagdish Pradhan. Soon, more than 15 AAP MLAs and BJP legislators, with rebel AAP MLAs Devender Sehrawat and Anil Bajpai at their side, tore pamphlets, raided the stage.

Residents criticised them

of "waking up" to the issues now when assembly elections only a few months away. "None of you turned up at the DERC hearing last year when tariff was increased," said Ashok Bhasin of the North Delhi Resident's Welfare Federation.

"We were simply appreciating the DERC for not increasing tariffs in the past four years. We urged them to not to do so this year. But, the BJP did not let us do that. While Sehrawat verbally attacked me, Vijender Gupta tried to snatch my papers and tear it," said Rakhi Birla, deputy speaker of Delhi Assembly and AAP MLA from Mangolpuri.

Gupta and Sehrawat denied the allegations. Gupta, also the leader of opposition in the Assembly, said he has filed a complaint of "hooliganism" against AAP loyalists at Lodi Road police station. "AAP MLA Jarnail Singh snatched my petition and tore it. I had placed before the DERC that the government has allowed systematic loot by turning a blind eye towards manipulation by the discoms," said Gupta. It was only around 1:30 pm that the RWAs got a chance to voice their views. Their key demand was a roll back on fixed charges on the sanctioned load that was increased in 2018. They also demanded a refund of the fixed charges they have been paying over the year. "The government's claim that power tariffs.

AAP MLA Prakash Jarwal alleges shots fired at event in south Delhi

MM BUREAU

New Delhi/ July 11

Aam Aadmi Party legislator Prakash Jarwal has alleged that three shots were fired in the air while he was inaugurating a water pipeline in south Delhi's Sangam Vihar Wednesday morning, an allegation the police said was unsubstantiated. Jarwal, the MLA from Deoli assembly constituency, blamed associates of a local politician of carrying out the alleged shooting in which no one was hurt. "He targeted me because I have been opposing his criminal activities," Jarwal alleged. Vijay Kumar, deputy commissioner of police (south), said that there was "no evidence of any firing". "We have checked the CCTV footage and questioned people present at the event, but they did not support the allegations," the DCP said. The officer said that Jarwal's complaint has been taken and investigations are ongoing. The MLA said the politician had first confronted him on Sunday while he was inaugurating a drain in the same neighbourhood. "He had arrived with two dozen men carrying pistols and heckled me and my supporters," Jarwal claimed. Jarwal said he had complained to the police, but no action was taken. "At 11am Wednesday, I was in the midst of hundreds of people to inaugurate a water pipeline near a police post in Sangam Vihar when the man again arrived with his supporters. When the people tried to shoo them away, his associates fired three rounds in the air and fled the spot," the MLA said. An investigator, not authorised to speak to the media, said the man named by Jarwal was picked up for questioning. "The person has acknowledged that he was at the spot, but no shot was fired," the officer said. The DCP said the suspect is a local man with a host of criminal cases against him. "He was earlier involved in smuggling illicit liquor into north-east areas of Delhi. Of late, he is trying to make a foray into politics," the DCP said.

Govt school pupil injured as ceiling fan falls on him

MM BUREAU

New Delhi/ July 11

A class VII student of a government-run school in east Delhi's Trilokpuri was injured when a part of the ceiling fan in the classroom fell on his head Wednesday. The incident triggered another standoff between AAP and BJP, with the latter accusing the former of a "multi-crore scam" in the construction of classrooms. According to a senior Directorate of Education (DoE) official, a part of a ceiling fan fell on the head of the 11-year-old boy during class. "He was rushed to a government hospital and the school staff was with him. The DoE is examining the incident. We will file a police complaint against the contractor if found guilty," the official said, requesting anonymity. Soon after, BJP state president Manoj Tiwari held a press conference and demanded an apology from Delhi education minister Manish Sisodia. "In one of the Delhi government schools, which are supposedly to be world-class institutions, a ceiling fan fell on an innocent child and his skull was fractured in Trilokpuri. Today, a fan has fallen, tomorrow something else may fall on the children but Delhi government is not serious about their security. Sisodia should apologise to the people of Delhi for this incident," he said. The school, where the incident took place, recently got new classrooms made. "We have been told by builders that the classrooms could be constructed at the cost of ₹5 lakh but ₹25 lakh were spent on it by the Delhi government. This indicates to a scam," Tiwari said. "The government has shifted the child from LBS Hospital to GB Pant hospital. Since morning, the department of education is keeping a close watch on the child's condition," said AAP spokesperson Saurabh Bhardwaj. Last week, the Delhi BJP had filed a complaint against the AAP with the Lokayukta, alleging misappropriation of funds in construction of classrooms in government schools. The government had denied the allegation.

DJB was in loop over land pooling policy : DDA

MM BUREAU

New Delhi/ July 11

A day after the Delhi Jal Board (DJB) said that it was not consulted by the Delhi Development Authority for the land pooling policy, the land-owning agency said on Wednesday that the water utility has been consulted by the DDA from time to time.

"Delhi Jal Board has been consulted by the DDA from time to time, for the land pooling policy," stated a release issued by the DDA on Wednesday. The release also mentioned major consultative decisions and the dates on which the meetings took place.

DJB's vice-chairman Dinesh Mohaniya, who is also an AAP MLA, however, maintained his stand despite the DDA's rebuttal.

"The DDA never consulted the DJB over the land pooling policy. We have not received a single letter from them, nor have we sent them any official letter over the issue," said Mohaniya on Wednesday after the DDA's rebuttal.

The DDA, however, in its release stated that a meeting was held on October 3, 2017 with CEO of DJB to assess the water demand in area proposed to come under land pooling policy.

"The DJB informed in the meeting that broad strategy and evaluation plan for water supply will be worked out taking into consideration the existing ground water capacity, anticipated saving from transmission losses and required augmentation of existing sources of water," the DDA's release stated.

The land pooling policy is touted to be a game changer for Delhi's real estate as it is expected to provide land parcels for the creation of nearly 17 lakh housing units.

Subsequently, a discussion was held on December 1, 2017 with CEO, DJB regarding assessment of water availability in land pooling areas. "It was said that due to water scarcity in Delhi alternative measures such as aquifer systems, water conservation measures like rain water harvesting, natural recharge recycling are required to meet the future water demand in land pooling areas," DDA release stated.

"An email was received on December 11, 2017 from DJB regarding 'Planning for Water in the Proposed Land Pooling Areas', where short term, medium term and long term solutions were suggested for meeting the water requirement of the anticipated population," the release added.

The DDA also said that a meeting was held by the Lieutenant Governor on January 30, 2018 to review the assessment of creating physical infrastructure – water, power and road for the land pooling areas where decision with reference to follow-up actions.

Delhi High Court dismisses plea against free Metro rides for women

MM BUREAU

New Delhi/ July 11

The Delhi High Court on Wednesday dismissed a plea, which had challenged the free Metro ride scheme for women in the national capital. The court also imposed a cost of Rs 10,000 for filing the plea without "substance". A bench of Chief Justice DN Patel and Justice C Hari Shankar rejected the plea stating that it is for the authorities to decide on giving concession to a particular class. The court said that the cost has to be deposited within four weeks to the Delhi High Court Bar Library. The court also rejected the prayer in the petition seeking reduction of fares and to make 15 slabs of ticket prices instead of existing six. "Fixation of fares is a statutory function and the process is complex which involves consideration of several factors, including cost. All these factors cannot be determined in a PIL," the court said. The bench also added that the petitioner, advocate Bipin Bihari Singh, had failed to point out any illegality in fixation of fares and added that the court would be "extremely slow" in fixing the fares for Delhi Metro, which is the prerogative of the government. The court also noted that two similar petitions.

60 Foreigners detained in Greater Noida for staying without valid papers

MM BUREAU

New Delhi/ July 11

The Gautam Budh Nagar district police Wednesday detained 60 foreign nationals— 32 men and 28 women— for staying in the country without valid papers.

Among those detained, some were found staying in India on an expired visa, while others were in possession of forged visa documents, police said.

They have been taken to the Surajpur police lines and police have deportation procedures. The detained persons are from Nigeria, Kenya, Tanzania, Zambia, Ivory Coast, Angola, Malawi and Philippines. "We recovered 222 beer bottles meant for sale in Delhi, 3.5kg marijuana, six laptops and 114 SIM cards," Gautam Budh Nagar SSP Vaibhav Krishna said.

Police conducted a drive, Operation Clean -10, from 6am to 10am. "We checked 320 foreign nationals, of whom 60 were found living in the country illegally," he said.

'Operation Clean' was launched in the district on July 1 to fix issues affecting common man'. Every day, the police are conducting special drives against traffic violators, drunk driving, drinking in public places, illegal spa centres, etc. Action against foreign nationals is the 10th drive under 'Operation Clean'. Krishna said visas of nine persons had expired, while eight had forged visa documents. "Some persons refused to show us their credentials and, hence, they were detained," he said.

Police said 35 persons were found living illegally in Alstonia Society in Sector Pi, 20 in Sector Sigma 3, four persons in Mystic Greens society in Omicron 1, and one in Palm Greens society in Sector Mu.

Krishna said the exercise was conducted based on inputs provided by police informers. He said three checking squads headed by SP (city), SP (rural) and circle officers conducted the raids.

A Nigerian national, requesting anonymity, said, "Some of those detained may be students. The Indian government recently revised the visa fee and students were unable to arrange the money. We have approached the embassy and the ministry of external affairs for a solution." Krishna, however, said a majority of detained persons was not students.

"They also had no valid work permit. We have not pressed any IPC sections against them. Had we done that, they would have been sent to judicial custody. We are initiating the process to deport them and are in touch with respective embassies," Krishna said.

Among those detained, some were found staying in India on an expired visa, while others were in possession of forged visa documents, police said. They have been taken to the Surajpur police lines and police have deportation procedures. The detained persons are from Nigeria, Kenya, Tanzania, Zambia, Ivory Coast, Angola, Malawi and Philippines. "We recovered 222 beer bottles meant for sale in Delhi, 3.5kg marijuana, six laptops and 114 SIM cards," Gautam Budh Nagar SSP Vaibhav.

Charles Kennedy, preof Nigerian Citizen Welfare association, said 20 detained foreign nationals later produced their documents and police are verifying them.

We are looking into the matter and cooperating with the police in the investigation," Kennedy said.

SP (city) Vineet Jaiswal said, "If documents are found valid, then we will release those persons. We will also be acting against landlords who gave them flats, as it is their duty to check papers before renting out flats."

MOONGIPA CAPITAL FINANCE LIMITED

(CIN : L65993DL1987PLC028669)

Regd. Off: 18/14, W.E.A. Pusa Lane, Karol Bagh, New Delhi -110005. Ph.: 011-41450121

Email : moongipac@gmail.com Website : www.mongipa.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 & 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, NOTICE is hereby given that a meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, July 22, 2019, inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2019.

Investor may visit the Websites of the Company www.mongipa.com and the Stock exchange www.bseindia.com for further details in this regard.

For MOONGIPA CAPITAL FINANCE LIMITED

Sd/-

Place : Delhi Lakshay Dudeja

Date : July 11, 2019 Company Secretary & Compliance Officer

MOONGIPA SECURITIES LIMITED

(CIN : L74899DL1994PLC057941)

Regd. Off: 18/14, W.E.A. Pusa Lane, Karol Bagh, New Delhi -110005. Tel: +91-011-41450121

Email : moongipas@gmail.com Website: www.moongipa.net

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 & 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, NOTICE is hereby given that a meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, July 22, 2019, inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2019.

Investor may visit the Websites of the Company www.moongipa.net and the Stock exchange www.bseindia.com for further details in this regard.

For MOONGIPA SECURITIES LIMITED

Sd/-

Place : Delhi Sanjeev Jain

Date : July 11, 2019 Company Secretary & Compliance Officer

दिल्ली को मिलने जा रही है पहली टावर पार्किंग

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जुलाई

दिल्लीवालों को तीन महीने के अंदर एक ऐसी पार्किंग की सुविधा मिलने जा रही है जो इसके पहले कभी नहीं मिली। यह है टावर पार्किंग। जी हां देश की राजधानी दिल्ली में यह अपने तरह की पहली और इकलौती पार्किंग सुविधा होगी। यह टावर पार्किंग दिल्ली के ग्रीन पार्क में बन रही हो जिसे अगले तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा। दक्षिण दिल्ली नगर निगम के अनुसार टावर पार्किंग लोगों के लिए जल्द ही बन कर पूरा होने वाला है। इसके कोर स्ट्रक्चर को पूरा कर लिया गया है। पहले टावर के बेस को तैयार कर लिया गया है अब इसकी दीवार बनाने का काम पूरा हो रहा है। वहीं दूसरी बिल्डिंग बनाने का काम शुरू है। दो में से एक टावर बन चुके हैं। पब्लिक अक्टूबर से इस सुविधा का लाभ उठा सकेगी। दोनों टावर

में कुल 16 तल होंगे। हर तल पर करीब 68 कारों को पार्क करने की सुविधा होगी। पार्किंग के डिजाइन को बहुती खूबसूरती से डिजाइन किया गया है। जिसके लिए मात्र 878 स्वायर मीटर जमीन का इस्तेमाल किया गया है। सिविक एजेंसी इसके साथ-साथ लाजपत नगर की 'पहेली पार्किंग' स्त्र४९९ ी स्त्र१ृ ल्लँ पर भी काम कर ही है जिसे दिसबंर में लोगों के लिए खोला जाएगा। यहां गाड़ियों को लिफ्ट के जरिए पार्क करने की सुविधा होगी इसलिए यहां रैंप का निर्माण नहीं हो रहा है। इस स्ट्रक्चर की एक खासियत यह भी है की यह स्टील का बना है जब जरूरत पड़ेगी तब इसे कहीं और ले जाकर लगाया जा सकता है। इसमें आग से बचाव के भी उपाय किए गए हैं। बुधवार को एसडीएमसी की मेजर सुनीता कांगड़ा ने काम की समीक्षा की साथ ही तेज काम करने व शीघ्र खत्म करने की सलाह दी है। यहां आप मात्र तीन मिनट में अपनी गाड़ी पार्क कर सकते हैं। इससे यहां के व्यापार करने वालों और साथ ही यहां खरीदारी करने आने वालों की भी सुविधा होगी। यहां 264 कारों को पार्क करने की सुविधा है। उन्होंने यह भी बताया कि यहा पार्किंग में कई स्टाफ की भर्ती होंगी जो यहां गाड़ियों का ध्यान रखेंगे। यह एक भीड़ वाले बाजार के लिए एक बड़ी सुविधा बन कर उभरेगा। यहां एक गाड़ी को पार्क करने के लिए मात्र 1.5 स्वायर मीटर जगह का इस्तेमाल होगा।

पटरी पर गाना सुनने में डूबे तीन युवकों की दर्दनाक मौत की कहानी

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जुलाई

वसुंधरा सेक्टर-दो ए में बुधवार शाम ट्रेन से कटकर तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक एक शादी में घुड़चढ़ी के दौरान बैंड बजाने आए थे। घुड़चढ़ी के बाद तीनों युवक रेलवे ट्रेक पर बैठकर बीड़ी पी रहे थे। एक युवक कान में ईयरफोन लगाकर गाने सुन रहा था। इस दौरान गाजियाबाद से दिल्ली की ओर जा रही जा रही ट्रेन की चपेट में आ गए।

इंदिरापुरम पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, शादी वाले घर में इस हादसे के बाद से सन्नाटा पसरा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वसुंधरा सेक्टर- दो ए में लल्लन यादव परिवार के साथ रहते हैं। उनका घर रेलवे लाइन के किनारे है।

बुधवार को उनके बेटे अरविंद की शादी थी। बारात दिल्ली के उत्तम नगर गई। बारात में घुड़चढ़ी के लिए लल्लन ने प्रह्लादगढ़ी स्थित शिवा ब्रॉस बैंड को बुक किया था। बैंड मालिक ने खोड़ा के रहने वाले रोहित, मनीष और मनीष के दोस्त को बैंड बजाने भेजा।

घुड़चढ़ी के बाद तीनों युवक बीड़ी पीने के लिए रेलवे ट्रैक की ओर चले गए। एक युवक कान में ईयरफोन लगाकर गाने सुन रहा था। तीनों साथी रेलवे ट्रैक पर बैठकर बीड़ी पी रहे थे। इस दौरान गाजियाबाद से दिल्ली की ओर जा रही ट्रेन आ गई। तीनों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक लल्लन के घर शादी में फोटोग्राफी करने पहुंचे एक युवक ने हादसे को देखा। उस युवक ने पुलिस

को बताया कि ट्रेन ने हार्न बजाया। युवकों ने भागने की कोशिश की भी, लेकिन ट्रेन की रफ्तार ज्यादा थी। युवक भाग नहीं सके।

इंदिरापुरम थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो युवकों की पहचान रोहित और मनीष के रूप में हुई है। तीसरा युवक मनीष का दोस्त है। उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। एक युवक के कान में ईयरफोन लगा हुआ मिला।

सूचना मिलते ही बैंड मालिक भी मौके पर पहुंचे। जबकि तीनों के साथ आए अन्य साथी गायब थे। बैंड मालिक का कहना है कि रोहित कई साल से उनके साथ काम कर रहा है। वह मनीष और उसके दोस्त के बारे में नहीं जानते हैं। वह मूलरूप से कहां के रहने वाले हैं यह भी जानकारी पुलिस को नहीं मिल सकी है। पुलिस मोबाइल से नंबर जुटाकर परिजनों को सूचित करने का प्रयास कर रही है।

शादी में आए तीन लोगों की ट्रेन से कटकर मौत के बाद शादी वाले घर में सन्नाटा पसर गया। इससे पहले सभी लोग शादी के जश्न में डूबे हुए थे। अधिकांश लोग बारात के लिए निकल चुके थे। घर से कुछ ही लोग निकलने को रह रहे थे।

साल 2016 में बीकॉम छात्र की साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास ईयरफोन लगाकर बात करने के दौरान मौत हो गई थी।

इसके अलावा मोहननगर पर छात्रा फोन पर बात करते हुए ट्रक की चपेट में आ गई थी। उसकी मौत हो गई थी। कई और हादसों में मोबाइल पर बात करते हुए लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

चार मई 2018 को ईयरफोन लगाकर ऑटो चला रहे युवक ने इंदिरापुरम में चार लोगों को टक्कर मार दी थी।

1002 एकड़ में बनने वाले ग्लोबल सिटी का रास्ता साफ

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जुलाई

द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ में लगभग 1002 एकड़ भूमि पर ग्लोबल सिटी विकसित करने की योजना के संशोधन को स्वीकृत मिल गई है। अब इस प्रस्ताव की मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार के पास भेजा जाएगा। गुरुग्राम- मानेसर अर्बन कॉम्पलेक्स-2031 की फाइनल डेवलपमेंट प्लान में संशोधन के प्रस्ताव को उपायुक्त अमित खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को प्लानिंग कमेटी की बैठक में स्वीकृति दी गई।

इस बैठक में गुरुग्राम के विधायक, सांसद, मंत्रियों सहित मेयर और पार्षदों को आमंत्रित किया गया था। बैठक में स्वीकृति के साथ ही डेवलेपमेंट प्लान में संशोधन की दूसरी कड़ी पार हो गई है। अब इसे मंजूरी के लिए राज्य प्लानिंग कमेटी के समक्ष रखा जाएगा, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री मनोहर लाल हैं। वहां से मंजूरी मिलने के बाद प्लान में संशोधन पर अंतिम मुहर लग जाएगी।

संशोधन की पहली कड़ी जिला क्लियरेंस कमेटी की 24 जून को हुई बैठक में संपन्न हो गई थी। ग्लोबल सिटी विकसित करने के लिए गुरुग्राम के द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ लगते सेक्टर-36, 36बी, 37 व 37बी में स्थित 1002.45 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। बैठक में जिला योजना अधिकारी आरएस भाट ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से मास्टर प्लान में किए गए बदलाव से सभी को अवगत कराया

गया। उन्होंने बताया कि वर्ष-2031 का मास्टर डेवलपमेंट प्लान के लिए गुरुग्राम की अनुमानित जनसंख्या 42.50 लाख मानी गई है। जिसका कुल क्षेत्रफल 33 हजार 872 हेक्टेयर होगा।

इस प्लान में लगभग 115 सेक्टर की योजना शामिल है। यह भूमि पहले उद्योग विभाग द्वारा उद्योगों के लिए अधिगृहीत की गई थी। डेवलपमेंट प्लान में संशोधन करके ग्लोबल सिटी बनाई जाएगी। वहां एक स्पेशल जोन होगा। इसमें मिश्रित लैंड यूज रहेगा, जिसमें रीक्रिएशनल, एंटरटेनमेंट, रेजिडेंशियल, ओपन स्पेस, पब्लिक युटिलिटिज, ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन आदि के लिए भूमि का इस्तेमाल किया जा सकेगा। ग्लोबल सिटी में 300 फीसद एफएआर का प्रावधान करने का भी प्रस्ताव किया गया है।

इससे पहले इस भूमि पर केवल उद्योग ही लगाए जा सकते थे। संशोधन का यह प्रस्ताव गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा किया गया है। जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचएसआइआइडीसी) के अनुरोध के बाद इस भूमि के लैंड यूज में बदलाव का प्रस्ताव 18 अक्टूबर, 2018 को पब्लिक डोमेन में डाला गया था।

इस प्लान में अन्य सुधार ओपन स्पेस जोन को ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन जोन बनाने से संबंधित है। बैठक में मेयर मधु आजाद, उपायुक्त अमित खत्री, अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पार्षद महेश दायमा, वरिष्ठ नगर योजनाकार सुधीर चौहान, जिला नगर योजनाकार आरएस भाट व एटीपी सुरेखा यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दिल्ली पर बादलों की मेहरबानी नहीं

नई दिल्ली, 11 जुलाई (ह.स.)

दिल्ली में बरसने वाले बादलों की मेहरबानी होती नहीं दिख रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले सप्ताह भी दिल्ली में अच्छी बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। यूं तो दिल्ली में मानसून के आगमन की तिथि 29 जून मानी जाती है, लेकिन इस बार लगभग पांच दिन की देरी से चार जुलाई को हल्की-फुल्की बारिश के बाद मानसून के आने की घोषणा तो की गई। लेकिन, दिल्ली में अभी तक अच्छी बारिश नहीं हुई है। प्रादेशिक मौसम पूर्वानुमान केन्द्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मानसून की रेखा (मानसून ट्रफ) इस समय हिमालय की निचली पहाड़ियों की तरफ चली गई है। इसके चलते

हिमालय के उच्च व निचले हिस्से में अच्छी बारिश के आसार हैं। लेकिन, दिल्ली में बारिश होने की संभावना कम है। 15 जुलाई के बाद हल्की बारिश के आसार हैं। जबकि, उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से तेज हवाएं चलती रहेंगी। बारिश नहीं होने का असर तापमान पर भी दिखने लगा है। बुधवार को दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। जबकि, न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। बारिश नहीं होने से कुछ दिनों में तापमान में थोड़ा इजाफा हो सकता है, हालांकि यह 40 से नीचे बना रहेगा। वहीं, हवा में धूल कणों की मात्रा कम होने से वायु गुणवत्ता साफ-सुथरी बनी हुई है।

5 दिन बाद दिल्लीवालों को मिलेगा तोहफा

नई दिल्ली, 11 जुलाई (ह.स.)

दो साल की देरी से ही सही दक्षिणी दिल्ली में बाहरी रिंग रोड पर बहुप्रतीक्षित राव तुलाराम (आरटीआर) फ्लाईओवर परियोजना पूरी हो गई है। आरटीआर फ्लाईओवर के समानांतर बने पौने तीन किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 16 जुलाई को करेंगे। इसके चालू होने पर बाहरी रिंग रोड से आइजीआइ एयरपोर्ट जाना बहुत आसान हो जाएगा। इसके निर्माण पर 200 करोड़ रुपये की लागत आई है। 185 करोड़ फ्लाईओवर के निर्माण में और करीब 15 करोड़ सर्विसेज हटाने पर खर्च हुए हैं। आरटीआर फ्लाईओवर की लालबत्ती पर 2009-10 में डबल फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना था, लेकिन लालबत्ती से कुछ दूर पहाड़ी पर स्थित एक मंदिर के कारण योजना में बदलाव किया गया। मंदिर के संचालक इस लालबत्ती पर डबल फ्लाईओवर बनाने का विरोध कर रहे थे। इससे उस समय सिंगल फ्लाईओवर ही बनाया गया। इससे लालबत्ती पर जाम की समस्या और बढ़ गई, क्योंकि बाहरी रिंग रोड पर मुनीरिका की ओर से सिग्नल फ्री आने वाला यातायात यहां रुक रहा था। सिंगल फ्लाईओवर को एयरपोर्ट की ओर से मुनिरका की ओर जाने वाले यातायात के लिए निर्धारित किया गया था। यहां पर लगने वाले जाम से जब एयरपोर्ट जाने वालों की फ्लाइट छूटने लगीं तो इसे मुनिरका की ओर से एयरपोर्ट जाने के लिए निर्धारित किया गया। इससे एयरपोर्ट जाने वालों को तो राहत मिली, लेकिन एयरपोर्ट मुनीरिका की ओर जाने वाले लोग भयंकर जाम में फंसने लगे। इसके बाद सिंगल फ्लाईओवर पर बीच में बैरीकेड लगाकर दोनों ओर के यातायात खोला गया। इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने एयरपोर्ट जाने वालों के लिए साढ़े सात सौ मीटर की जगह 2.85 किलोमीटर लंबाई वाले सिंगल लेन फ्लाईओवर को बनाने की योजना बनाई। इस योजना को दिल्ली कैबिनेट से वर्ष 2013 में मंजूरी मिली और 2014 में काम शुरू हुआ। निर्माण कार्य दो साल में पूरा किया जाना था।

पत्नी ने व्यवसायी पति के पैसे चुरा उसी की सुपारी दी

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जुलाई

दिल्ली के भलस्वा डेरी में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रच डाली। इसके लिए उसने डेढ़ लाख रुपये में भाड़े के हत्यारों से पति की हत्या कराने का सौदा तय कर लिया। हत्या के लिए पेशगी के तौर पर दी गई 50 हजार रुपये की रकम भी उसने पति की तिजोरी से ही चुराई थी। पुलिस ने आरोपी महिला विशाखा और उसके प्रेमी अमित को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, 42 साल का प्रमोद भलस्वा डेरी इलाके में रहता था। उसके परिवार में 38 साल की पत्नी विशाखा और तीन बच्चे हैं। प्रमोद की मंगल बाजार रोड पर फर्नीचर की दुकान है। वह 3 जुलाई को अपनी दुकान पर बैठा था, तभी दो युवकों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर

दी थी। मामले की जांच के दौरान एसएचओ अजय कुमार सिंह और एसआई दीपेंद्र की टीम को पता चला कि हत्यारों ने दुकान से कुछ भी नहीं उठाया था, इसलिए पुलिस को वारदात के पीछे आपसी रंजिश या अवैध संबंध का कारण नजर आया।

पुलिस को मौके से कुछ सीसीटीवी फुटेज मिलीं। इन सीसीटीवी फुटेज में गोली चलाने वाले दोनों युवक प्रमोद के घर की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। इससे पुलिस को हत्या के पीछे प्रमोद के किसी परिजन के शामिल होने का शक हुआ। इसी आधार पर पुलिस ने उनकी पत्नी विशाखा से सख्ती से पूछताछ की तो उसने गुनाह कबूल कर लिया।

मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि व्यवसायी प्रमोद की हत्या के लिए अमित ने डेढ़ लाख रुपये में दो बदमाशों के साथ सौदा तय किया। इसके लिए विशाखा ने अपने पति की तिजोरी की नकली चाभी बनवा ली और मौका देखकर तिजोरी में से पचास हजार रुपये निकाल लिए। यही पचास हजार रुपये विशाखा और अमित ने पेशगी के तौर पर दोनों भाड़े के हत्यारों को दे दिए। साथ ही काम होने के एक हफ्ते बाद एक लाख रुपये और देने का भी वादा किया गया था। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और फरार भाड़े के हत्यारों की भी तलाश की जा रही है।

विशाखा की निशानदेही पर पुलिस ने मंगलवार को उसके दोस्त अमित को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मालूम हुआ कि दो साल पहले विशाखा की मुलाकात पूर्णिया में अपनी भाभी के भाई के साले अमित से हुई थी। दोनों में संबंध बन गए। फिर एक साल पहले विशाखा ने उसे भलस्वा डेरी स्थित अपने घर पर बुला लिया, लेकिन प्रमोद के विरोध के कारण अमित को घर से निकालना पड़ा।

जासूसी के आरोप में सेना का जवान गिरफ्तार

नई दिल्ली, 11 जुलाई (ह.स.)

नारनौल पुलिस ने जासूसी के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपित सेना का जवान रविंद्र गांव बसई जिला महेंद्रगढ का रहने वाला है। आरोपित के पास से सेना के कैंपों की फोटो और गुप्त जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि रविंद्र की गिरफ्तारी नारनौल रेलवे स्टेशन पर बुधवार को हुई थी लेकिन पुलिस ने इसकी जानकारी बृहस्पतिवार को दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपित सेना के जवान को कोर्ट में पेश किया जिसके बाद उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। नारनौल पुलिस ने सेना के जवान की गिरफ्तारी सूचना आइबी और संबंधित सेना के

अधिकारियों को भी दी है। सूचना के बाद आइबी के अधिकारियों ने भी मौके पहुंचकर आरोपित से पूछताछ की है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह एक लड़की से फोन पर बातचीत करता है और उसे सेना की गुप्त जानकारी और सेना के कैंपों की फोटो भी भेजी है। फिलहाल लड़की के बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आयी है। पूछताछ में रविंद्र ने बताया कि वह मार्च 2017 में सेना में भर्ती हुआ था। वह अरुणाचल कुमाऊ पांच यूनिट का जवान है। इस समय वह छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान पूछताछ में कई चौकाने वाली जानकारी मिल सकती है।

पराली जलाने से न सिर्फ हवा, मिट्टी भी हो रही है खराब

महालक्ष्मी ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जुलाई

पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से न सिर्फ दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा में जहर घुल रहा है, बल्कि मिट्टी भी खराब हो रही है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार पंजाब, हरियाणा, यूपी और दिल्ली के किसानों को पराली जलाने की बजाय उसके निपटारे के लिए उपकरण खरीदने पर 80 फीसदी तक सब्सिडी देगी। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में पेश रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

ट्रिब्यूनल के प्रमुख जस्टिस एके गोयल की अगुवाई वाली चार सदस्यीय पीठ के समक्ष मंत्रालय ने फसल के अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के तहत सरकार उपकरण खरीद पर यह छूट देगी। सरकार ने कहा है कि यदि कोई किसान निजी तौर पर उपकरण खरीदता है तो उसे कुल कीमत का 50 फीसदी और सहकारिता समितियों के जरिए उपकरण खरीदने पर 80 फीसदी की छूट दी जाएगी।

कृषि मंत्रालय ने पीठ को भेजे अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ह्यपराली जलाने से वायु प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी होने के साथ-साथ हवा की गुणवत्ता भी खराब होता है। साथ ही कहा है कि जिन खेतों में पराली जलाया जाता है वहां की मिट्टी खराब होती है और इससे; उर्वरा शक्ति भी कम हो जाती है। सरकार ने कहा है कि इसके अलावा पराली जलाने के ग्रीन हाउस गैसों

का उत्सर्जन होता है।

मंत्रालय किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक करेगी। इसके लिए कृषि विभाग और आईसीएआर इंस्टीट्यूट अगस्त से अक्तूबर तक अभियान चलाएगा। सरकार ने एनजीटी को यह भी बताया है कि पराली को बायो-एनर्जी व अन्य परियोजना में भी इस्तेमाल किया जा सकता। ट्रिब्यूनल ने कृषि मंत्रालय को एक माह के भीतर इस समस्या के समाधान और इस साल पराली जलाने से रोकने के लिए अपनी कार्ययोजना पेश करने का आदेश दिया है।

मंत्रालय की ओर से एनजीटी में पेश रिपोर्ट में धान की पराली को सबसे अधिक खरनाक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि धान की फसल मशीन से तैयार होता है, ऐसे में पंजाब में 49.47 फीसदी और हरियाणा में 16.9 फीसदी तक इसके पराली को जलाया जाता है। पीठ को बताया गया कि पंजाब, हरियाण और उत्तर प्रदेश के किसान धान का पैदावार इसलिए अधिक करते हैं क्योंकि यह कम समय में अधिक मुनाफा देता है।

सरकार ने कहा है कि किसानों को धान का विकल्प मुहैया कराना होगा ताकि उन्हें किसी तरह का कोई नुकसान न हो। कृषि मंत्रालय ने कहा है कि इन राज्यों में मक्का की खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है।

राजस्थान के जोबनर कृषि विश्वविद्यालय, जयपुर के रजिस्ट्रार ने डॉ. एस. मुखर्जी ने एनजीटी में अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि फसल के अवशेषों को जलाने के बजाए उससे आर्गेनिक तरीके से कंपोस्ट खाद तैयार किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने अलग-अलग जगहों पर गांव में सामुदायिक सयंत्र लगाने का सुझाव दिया।

एनजीटी ने इसके बाद हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को कम से कम पायलट परियोजना के तहत पराली से कंपोस्ट खाद तैयार करने के लिए एक संयंत्र स्थापित करने का आदेश दिया है।

पीठ ने यह आदेश इसलिए भी दिया है क्योंकि राजस्थान में ऐसा ही एक संयंत्र लगाया गया है जो काफी सफलता पूर्वक काम कर रहा है।

मूंगिप्पा कैपिटल फाइनेंस लिमिटिड
(CIN: L65993DL1987PLC028669)
पंजीकृत कार्यालय : 18/14, डब्ल्यू.ई.ए. पूसा लेन, करोल बाग, नई दिल्ली-110005 फोन : 011-41450121
ई-मेल moongipac@gmail.com वेबसाइट : www.mongipa.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम 2015 के विनियम 29 एवं 47 के अनुपालन में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार 22 जुलाई 2019 को होगी, जिसमें कम्पनी के 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार कर स्वीकृत किया जाएगा।

निवेशक इस संबंध में और विवरण के लिये कम्पनी की वेबसाइट www.mongipa.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

कृते मूंगिप्पा कैपिटल फाइनेंस लिमिटिड
हस्ता/-
लक्ष्य जुनेजा
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : दिल्ली
दिनांक : जुलाई 11, 2019

मूंगिप्पा सिक्योरिटीज लिमिटिड
(CIN: L74899DL1994PLC057941)
पंजीकृत कार्यालय : 18/14, डब्ल्यू.ई.ए. पूसा लेन, करोल बाग, नई दिल्ली-110005 फोन : +91-011-41450121
ई-मेल moongipas@gmail.com वेबसाइट : www.moongipa.net

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम 2015 के विनियम 29 एवं 47 के अनुपालन में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार, 22 जुलाई 2019 को होगी, जिसमें कम्पनी के 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार कर स्वीकृत किया जाएगा।

निवेशक इस संबंध में और विवरण के लिये कम्पनी की वेबसाइट www.moongipa.net और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

कृते मूंगिप्पा सिक्योरिटीज लिमिटिड
हस्ता/-
संजीव जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : दिल्ली
दिनांक : जुलाई 11, 2019